अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 इस्तीफे का दांव, केजरीवाल ने कर दिए एक तीर से कई शिकार...
6 भारत ने कोरिया को रौंदकर कटाया फाइनल का टिकट, अब चीन से महामुकाबला...
7 प्रधानमंत्री श्री मोदी का पंचामृत संकल्प विश्व को नई दिशा देगा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-32 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 17 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को ही क्यों बनाया दिल्ली का मुख्यमंत्री? 5 कारण ने CM कुर्सी की राह बनाई आसान

**नई दिल्ली- अरविंद केजरीवाल के बाद अब दिल्ली का नया सीएम कौन? इस सस्पेंस से पर्दा हट गया. आतिशी ही दिल्ली की नई सीएम होंगी. अरविंद केजरीवाल ने अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है. आम आदमी पार्टी विधायक दलों की मंगलवार को बैठक में अरविंद केजरीवाल ने ही आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा. इस प्रस्ताव पर सबने सर्वसम्मति से हामी भर दी. इस तरह आतिशी अब सीएम की रेस जीत चुकी हैं. सीएम पद की रेस में सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत और राखी बिड़ला समेत कई नाम थे, जो अब पिछड़ गए. अब सवाल उठता है कि आखिर अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को ही दिल्ली का नया सीएम क्यों बनाया है? तो इसके कई कारण हैं.**

आतिशी को अरविंद केजरीवाल का भरोसेमंद और काफी करीबी माना जाता है. आतिशी आम आदमी पार्टी की कोई नई नेता नहीं हैं, बल्कि वह अन्ना आंदोलन के समय से ही अरविंद केजरीवाल और संगठन के साथ जुड़ी हैं. महज पांच साल के भीतर उन्होंने अपनी काबलियत से विधायक से मंत्री तक का सफर तय किया है. आतिशी 2020 में पहली बार कालकाजी से विधायक बनी थीं. उन्हें साल 2023 में अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री बद मिला और अब साल 2024 में वह दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गई हैं. इस तरह से देखा जाए तो उनका सियासी सफर काफी चमत्कारी रहा है.

### ,क्ककी दमदार लेडी आतिशी

दिल्ली शराब घोटाला केस में जब अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जेल में थे, तब आतिशी ने ही मोर्चा संभाले रखा. इस दौरान आतिशी सरकार के कामकाज से लेकर संगठन तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाती रहीं. जब-जब आम आदमी पार्टी पर मुसीबत आई, उन्होंने सामने आकर विरोधियों का मुकाबला किया. बीते कुछ समय से केजरीवाल और सिसोदिया की गैरमौजूदगी में वह आम आदमी पार्टी का प्रमुख चेहरा बन चुकी थीं. अक्सर किसी भी मसले पर वह मीडिया के सामने आतीं और आम आदमी पार्टी का स्टैंड रखतीं. उन दोनों बड़े नेताओं की गैरमौजूदगी में आतिशी ने संगठन और नेताओं के मनोबल को गिरने नहीं दिया।



## कपिल सिब्बल ने सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग पर जताया ऐतराज, बोले- हमारे खिलाफ बनाया जा रहा माहौल



**आरजी कर मामले की सुनवाई के दौरान लाइव स्ट्रीमिंग पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि मीडिया में हमारे खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। हालांकि सीजेआई ने लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक से इनकार कर दिया।**

नई दिल्ली- शहर में हाल ही में हुए आरजी कर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से वकली कपिल सिब्बल भी मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने मामले की लाइव स्ट्रीमिंग पर ऐतराज जताया। सिब्बल ने सीजेआई से इस पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि मीडिया में हमारे खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। हालांकि सीजेआई ने लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### सिब्बल ने लाइव स्ट्रीमिंग पर जताया ऐतराज

दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने सोशल मीडिया पर चल रही इस मामले की लाइव स्ट्रीमिंग पर ऐतराज जताया। सिब्बल ने मामले की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जैसे बंगाल सरकार का पक्ष रखकर हम गुनाहगारों की तरफ खड़े हो गए हैं। मेरी 50 साल की प्रतिष्ठा रातों-रात नष्ट हो रही है। मीडिया में कहा जा रहा है कि मैं सुनवाई के दौरान हंस रहा था। कपिल सिब्बल ने सीजेआई से इस केस की सुनवाई की लाइव स्ट्रिमिंग पर रोक लगाने की मांग की।

### सीजेआई ने रोक लगाने से किया इनकार

वहीं सीजेआई ने कपिल सिब्बल की आपत्ति को खारिज कर दिया। सीजेआई ने कहा कि नहीं, हम लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक नहीं लगाएंगे। ष्ट्छ्रढ्ढ ने आगे कहा कि हम सीबीआई की स्टेट्स रिपोर्ट को सबसे पहले देखेंगे। वहीं ष्ट्छ्रढ्ढ ने लाइव स्ट्रीमिंग रोकने की मांग ठुकराते हुए कहा कि ये जनहित का मसला है, ये ओपन कोर्ट है। जहां तक वकीलों को मिल रही धमकी का मसला है, हम उसका ध्यान रखेंगे।

## आपलोग अपनी मां के लिए...,

# ओडिशा में पीएम मोदी ने कर दी भावुक अपील

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने जन्मदिन के मौके पर ओडिशा दौरे पर हैं। वह इस दौरान यहां की महिलाओं को सुभद्रा योजना का गिफ्ट देंगे। पीएम मोदी गोटपटना स्पोर्ट्स वैली की आधारशिला रखेंगे और 2800 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजना का शुभारंभ करेंगे।**



**उन्होंने 10 लाख पीएम आवास ग्रामीण लाभार्थियों को पहली किस्त देने और 1000 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखने की भी योजना बनाई है।**

### पीएम मोदी ने ओडिशा में लोगों को किया संबोधित

ओडिशा में पीएम मोदी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से एक बार फिर मुझे ओडिशा की पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। जब भगवान जगन्नाथ की ?कृपा होती है, जब भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद मिलता है, तो भगवान जगन्नाथ की सेवा के साथ जनता जनार्दन की सेवा का भरपूर अवसर मिलता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देशभर में गणेश उत्सव की धूम है, गणपति को विदाई दी जा रही है, आज अनंत चतुर्दशी का पावन पर्व भी है और आज ही विश्वकर्मा पूजा भी है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां श्रम और कौशल को विश्वकर्मा के रूप में पूजा जाता है। मैं सभी देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

### आज भी कुछ लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही

पीएम मोदी ने कहा कि बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था, आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। आपने देखा होगा, कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था।

संपादकीय

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीतिक हलचल मचा दी है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद इस्तीफे का एलान किया गया। उन्होंने ह्न.ह्ल.ष्ठ.ह्न.. ब्लॉक की मजबूती को प्राथमिकता दी है। ह्वक्कने यह साबित करने का प्रयास किया कि वह किसी भी सवाल से कतरा नहीं रही।**

# इस्तीफे का दांव, केजरीवाल ने कर दिए एक तीर से कई शिकार




दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन इसने प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति के कई तात्कालिक और कुछ दूरगामी पहलुओं की ओर भी ध्यान खींचा है।

### फैसले की टाइमिंग

केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन पर इस्तीफे का दबाव बनाने में विरोधियों ने कोई कसर उठा नहीं रखी। उस पूरी अवधि में सभी दबावों की अनदेखी करते हुए वह अड़े रहे। अब जब केंद्रीय एजेंसी ष्टक्चढ्ढ पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और पूरी पार्टी इसे केजरीवाल की जीत बता रही है, तब उन्होंने इस्तीफे का एलान कर दिया। इसी बिंदु पर चुनावी राजनीति की रणनीतिक बारीकियां अपनी ओर ध्यान खींचती हैं।

### आक्रामक मुद्रा

दिलचस्प है कि इस मामले में चाहे BJP हो या॰क्क दोनों में हमलावर तेवर बनाए रखने की जैसे होड़ लगी हुई है। दोनों ही दल इस बात को लेकर काफी सतर्क नजर आते हैं कि वे बचाव की मुद्रा में न दिखने लग जाएं। AAP नेता चाहें या न चाहें केजरीवाल की छवि दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा बनने ही वाली है। ऐसे में इस्तीफे के जरिए इस सवाल को केंद्र में लाकर AAP ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि वह इस सवाल से किसी भी रूप में कतरा नहीं रही।

### राष्ट्रीय राजनीति

महत्वपूर्ण यह भी है कि केजरीवाल ने पहले इस्तीफा न देने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए पूरे I.N.D.I.A. ब्लॉक को इस दायरे में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि चाहे कर्नाटक में सिद्धारमैया हों या केरल में पी विजयन या पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी- BJP ने इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इनकी सरकार गिराने की साजिश तैयार रखी थी। इस बड़ी साजिश को नाकाम करने के लिए ही वह अब तक इस्तीफा न देने की बात पर अड़े रहे। साफ है कि खुद को I.N.D.I.A. ब्लॉक में मजबूती से बनाए रखना अभी उनकी प्राथमिकता में है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से आखिरी पलों में तालमेल के कोई संकेत अभी तक नहीं हैं।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# बिहार में 2020 वाला खेला फिर होगा? चिराग पासवान ने बताया- LJPR का 2025 प्लान

**केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले एनडीए गठबंधन के साथ मजबूती से लड़ने की बात कही है। उन्होंने जातीय जनगणना पर भी अपनी राय दी और विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच और नेतृत्व को कोई कमजोर नहीं कर सकता।**



पटना- केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। साथ ही ये भी बता दिया कि 2025 में क्या होने वाला है। हाजीपुर सांसद ने ये भी बताया कि उनकी पार्टी का 2025 के लिए क्या प्लान क्या है। दरअसल, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एक टीवी चैनल से बातचीत में खुलासा किया कि 2020 में उनके पिता के निधन और दूसरी परिस्थितियों के चलते उन्होंने अलग तरीके से चुनाव लड़ा था। लेकिन इस बार वो ह्ष्ठ के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

मैं एनडीए के साथ हूं और आगे भी...

चिराग पासवान ने कहा कि एकला क्यों चलूंगा। केंद्र सरकार का हिस्सा हूं। ह्ष्ठ गठबंधन का मजबूत हिस्सा हूं। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है। ह्ष्ठ विधानसभा का चुनाव ना सिर्फ लड़ेगा बल्कि मजबूती के साथ जीतेगा। जब उनसे पूछा गया कि वो कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं ह्ष्ठ गठबंधन के साथ लड़ूंगा। कितनी सीटों पर लड़ूंगा अगर आज कोई संख्या सार्वजनिक करूंगा तो ये ह्ष्ठ गठबंधन धर्म की मर्यादा को तोड़ना होगा। पहले ये तमाम चर्चाएं गठबंधन के अंदर होनी चाहिए। चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि उस समय परिस्थितियां अलग थीं। उसी साल मैंने अपने पिता को खोया था। वो फैसले अलग सोच के साथ लिए गए थे। आज मजबूत नेतृत्व केंद्र में भी है और बिहार में भी है, तो मुझे नहीं लगता है कि चीजों के बिगड़ने का कोई कारण होगा।

## चिराग ने फिर किया जातीय जनगणना का समर्थन

चिराग पासवान ने जातीय जनगणना का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे समाज के विभिन्न वर्गों की स्थिति का सही आंकड़ा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरी सोच है कि आप जब किसी को मुख्य धारा में जोड़ने का जिक्र करते हैं तो एक साफ आंकड़ा होना चाहिए। पता होना चाहिए कि आबादी कितनी है, उनके क्या हालात हैं, उस जमात की कौन सी जाति ज्यादा बुरे हाल में है, कारण क्या है, ये तमाम जानकारी आपके पास होनी चाहिए।

## एनडीए को कोई कमजोर नहीं कर सकता

जब उनसे पूछा गया कि क्या जातीय जनगणना का मुद्दा ह्ष्ठ सरकार को कमजोर कर सकता है, तो उन्होंने कहा कि विपक्ष पिछले 10 साल से घेरने का प्रयास कर रहा है। इस सरकार को कोई कमजोर करे या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई कमजोर करे, मुझे नहीं लगता कि फिलहाल कोई ऐसी ताकत खड़ी हो पाई है या हो पाएगी। प्रधानमंत्री की सोच देश को लेकर, देश की प्रगति को लेकर, 2047 तक विकसित भारत को लेकर है। पीएम के पास इतनी ज्यादा स्पष्टता है कि मुझे नहीं लगता है कि कोई ताकत उन्हें कमजोर कर सकती है। कुल मिलाकर चिराग पासवान ने साफ कर दिया है कि वो 2025 का विधानसभा चुनाव ह्ष्ठ गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे और उन्हें पूरा भरोसा है कि ह्ष्ठ यह चुनाव जीतेगा।

## युवक को चाकू मारा

**इन्दौर ।** कैलाश पिता मांगीलाल सोलंकी 45 साल निवासी मालवीय नगर को किसी बात के चलते अशोक पिता रामकिशन वर्मा ने चाकू मार दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

चार नशेड़ी बंदी राहु पुलिस ने गांजा पीते हुए दिलीप पिता मूलचंद पवार श्याम पिता जगदीश राठौर विजय पिता चंद्रकांत वर्मा और पवन पिता हेमंत पाल को पकड़ा। इनके पास से गंजे की पुड़िया बरामद की। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## पत्नी का सिर फोड़ा

**इन्दौर ।** रविदासपुरा नगर में रहने वाली हेमलता मालवी ने पुलिस को बताया कि पति सोहन मालवीय ने खाने की बात को लेकर उसे गालियां दी। गाली देने से मना किया तो उसने सिर पर कुकर मार दिया ।जिसमें वह घायल हो गई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## दो किशोरी लापता

**इन्दौर ।** विदुर नगर में रहने वाली किशोरी परिजन को बिना बताए घर से कहीं चली गई इसी प्रकार अमितेश कॉलोनी में रहने वाली किशोरी परिजन को कम पर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने दोनों मामलोंमेंअपहरण का केस दर्ज किया है।

## रिक्शा के कांच फोड़े

**इन्दौर ।** शंकरगंज में रहने वाले वीरेंद्र पिता हरीश यादव ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी ऑटो रिक्शा के कांच देश रात अज्ञात बदमाशों ने कांच फोड़ दिए ।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## हथियार सहित पांच धराएं

बाणगंगा पुलिस ने सुरेश कुशवाहा से तलवार मनोज सिसोदिया से गुप्ति और कमल साहू से चाकू बरामद किया है। इसी प्रकार गांधीनगर पुलिस ने राजेश यादव से तलवार और शुभम परमार से चाकू बरामद किया है ।सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पति सास ससुर पर केस

**इन्दौर ।** बड़ी ग्वालटोली में रहने वाली संगीता सोनकर 28 साल की रिपोर्ट पर पति देवेंद्र सोनकर सास सुलोचना सोनकर ससुर भालचंद्र सोनकर के खिलाफ केस दर्ज किया है। संगीता ने बताया कि उसे मायके से 5 लख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

## गांजा सहित दो बंदी

**इन्दौर ।**हीरानगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरानमोटरसाइकिल सवार जितेंद्र पिता हंसराज चौधरी और गोपाल पिता कांतिलाल साहू को पकड़ा ।उनके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया । दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गिरने से मजदूर गंभीर

**इन्दौर ।**विजयनगर में एक मकान के निर्माण के दौरान मजदूर लक्ष्मण पिता जगन्नाथ वर्मा 45 साल निवासी न्यू देवास रोड गिर गया जिसे साथी मजदूरों ने अस्पताल में भर्ती कराया जान उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो लोगों को धमकाया

**इन्दौर ।** सुशिलापति विजय सोलंकी निवासी मूसाखेड़ी के घर में घुसकर कमलापति राजेंद्र ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी ।वही अंबिकापुरी कॉलोनी में रहने वाले महेश शर्मा के साथ अशोक यादव ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया।

## टक्कर से महिला गंभीर

**इन्दौर ।**बड़े अस्पताल के सामने सड़क पार कर रही अर्चना पति निलेश पवार निवासीखातीवाला टैंक को कार्य ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गुंडे से रिवाल्वर मिली

**इन्दौर ।**भंवरकुवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जितेंद्र उर्फ शुभम पिता सुनील जाट को पकड़ा तलाशी लेने पर रिवाल्वर और कारतूस बरामद किया है ।आरोपी के खिलाफ के केस दर्ज किया है।

# मामा ससुर के बेटे ने रेप कर राजस्थान में बेच दिया

### पीड़िता ने इंदौर आकर दर्ज कराया केस

**इंदौर 16 सितंबर भंवर कुवा पुलिस ने शादीशुदा महिला की रिपोर्ट पर मामा ससुर के बेटे के खिलाफ रेप कर ने और राजस्थान में बेचकर दूसरे से शादी करने के मामले में केस दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 14 जुलाई की है। क्षेत्र की एक ऑटो डील शॉप पर कार दिखाने के बहाने राजा सोलंकी अपने साथ महिला को लेकर आया। यहां से अपने साथ बहला फुसलाकर जयपुर ले गया होटल में रुककर महिला के साथ रेप किया बाद में उसने राजस्थान के एक व्यक्ति को से बेच दिया। बाद में पीड़िता जैसे तैसे इंदौर पहुंची और परिवार के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया। इसी प्रकार राजनगर में रहने वाली महिला की शिकायत पर राजेंद्र पिता गजानंद प्रसाद साहू के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह किराने का सामान लेने जा रही थी तभी रास्ते में आरोपी ने रोका और छेड़छाड़ की और धमकी देकर फरार हो गया।

# बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर 16 सितंबर तलवाली चंदा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। रात में पति ने फंदे पर देखा और उसे फंदे से उतर कर अस्पताल ले गया था।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुशिलापति राजेश कुमार यादव 30 साल निवासी ड्रीम सिटी तलवाली चंदा ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि वह बीमारी से काफी समय से परेशान थी। पुलिस की जांच में पता चला कि सुशील ने सुसाइड का कारण मोबाइल के कवर पर पीछे लिखा है जिस पर लिखा है कि वह बीमारी से परेशान है इसलिए जान दे रही है। इसी प्रकार कैलाश पिता ओमप्रकाश वर्मा 50 साल निवासी प्रजापत नगर ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 4 लाख की ब्राउन शुगर सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**इंदौर 16 सितंबर बाणगंगा पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चार लाख रुपए कीमत है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के निर्देश पर शहर में मादक पदार्थ खरीदने और बेचने वालों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। बाणगंगा टी आई भदोरिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मालती वनस्पति के पास दो युवक खड़े हैं जिनके पास संदिग्ध वस्तु है। उनके निर्देश पर उप निरीक्षक दीपक कामले के नेतृत्व पुलिस ने घेराबंदी कार देव पिता गजानंद 19 साल और हेमंत पिता महेश प्रजापत दोनों निवासी भागीरथपुरा को गिरफ्तार कर तलाशी ली तो इनके पास से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। दोनों से पूछताछ की जा रही है कि ब्राउन शुगर कहां से लाए थे ।और किस देने जा रहे थे।दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में केस दर्ज किया है। इसी प्रकार लसूडिया पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार कैलाश पिता उत्तम सिंह और दिलीप पिता कृष्ण कुमार को पकड़ा इनके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया है।दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

# मंदिर के दर्शन कर लौट रहे बुजुर्ग को डंपर ने कुचला, मौत

इंदौर 16 सितंबर सदर बाजार थाना क्षेत्र में मंदिर के दर्शन कर लौट रहे बुजुर्ग को डंपर ने कुचल दिया जिसमें उनके उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना किला मैदान स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास की है। फरियादी लक्ष्मीबाई पति सीताराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे तुषार ने बताया कि दादाजी दशरथ 65 साल को डंपर ने टक्कर मार दी। तत्काल में वहां पहुंची और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

फरियादी लक्ष्मी बाई के मुताबिक ससुर दशरथ सुनहरे मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे तभी डंपर ने टक्कर मार दी थी। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। सदर बाजार पुलिस ने डंपर जप्त कर चालक के खिलाफ धारा 106 का केस दर्ज किया है। इसी प्रकार एरोड्रम रोड पर कार की टक्कर से एक्टिवा सवार महेंद्र पिता विजय शंकर मेहता और योगेश पिता चंद्रकांत दुबे दोनों निवासी कालानी नगर घायल हो गए। पुलिस ने कारचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मकान बना रहे हो तो 2 लाख देना होंगे.. किया हमला

### बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे में की तोड़फोड़

**इंदौर 16 सितंबर द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक पर हमला किया और सीसीटीवी कैमरे में तोड़फोड़ कर धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कमलेश पिता मुरारी लाल दुबे 45 साल निवासी एमओ जी लाइन मैं दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका ऋषि नगर में 181 नंबर का प्लॉट है जिस पर वह मकान का निर्माण कर रहे थे। कमलेश के मुताबिक प्रेम प्रजापत अपने साथी सुनील पालीवाल और अन्य के साथ वहां आया और बोला कि इस प्लांट की रजिस्ट्री मेरे पास है इस पर मैंने कहा कि प्लांट के सभी दस्तावेज और रजिस्ट्री वर्ष 1993 से मेरे पास है। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गालियां देते हुए कहा कि यहां मकान बना रहे हो तो हमें2 लाख रुपए देना होंगे। मना किया तो आरोपियों ने प्लांट पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और उसे पर हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार भोलाराम उस्ताद मार्ग के पास रहने वाले वैभव पिता राजेंद्र शर्मा को पैसे के लेनदेन की बात को लेकर जितेंद्र चौहान ने चाकू मार दिया और धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# स्वयं को हीरे जैसे तराशने की शक्ति प्रदान करते हैं श्री गणेश

**प्रणम्य शिरसा देवम् गौरीपुत्रं विनायकं भक्तावासं स्मरे नित्यम् मायुकामार्थ सिद्धये ।। संपूर्ण भारतवर्ष इस समय श्री गणेशोत्सव के रंग में रंगा हुआ है। बड़े धूम-धाम, श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्हास से यह पर्व मनाया जा रहा है। श्री गणेश जी की आराधना कर हम सभी उनसे हमारा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष सफल हो ऐसी विनम्र प्रार्थना करते हैं। प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि, संपूर्ण ब्रम्हांड की रचना करने से पूर्व श्री गणेश की रचना श्री आदिशक्ति द्वारा की गयी। श्री गणेश का अर्थ है पावनता, पवित्रता। किसी भी चीज का सृजन करने से पहले, आवश्यक है कि वहाँ का वातावरण पवित्र हो जाये। उदाहरणार्थ अगर हमें पेड़ लगाना है तो वहां की जमीन स्वच्छ करनी पड़ेगी, उसे वहाँ पानी, प्रकाश की योजना है कि नहीं ये देखना पड़ेगा, तभी इस में बीज से पौधा और पौधे से पेड़ बन सकेंगे।**



प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि आपको अगर श्री गणेश का सृजन अपने अंदर करना है तो आपको आपकी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर आत्मसाक्षात्कार मांगना होगा। श्री गणेश का स्थान हमारे सूक्ष्म शरीर में सुषुम्ना नाड़ी के निचले छोर पर प्रथम चक्र मूलाधार में है।अपना गणेश तत्व जाग्रत करने के लिये गणेशोत्सव के इस पावन पर्व में आप हृदय से प्रार्थना कीजिये, श्री माताजी, हमें हमारा आत्मसाक्षात्कार प्रदान कीजिये। हमारे मूलाधार में स्थित श्री गणेश को जागृत कर हमें उनके सारे गुण प्रदान कीजिये। आपकी इस प्रार्थना मात्र से आपकी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर, आपको शीतल चैतन्य लहरियां प्रदान करेगी। श्री आद्यशंकराचार्य जी ने इसे शीतल चैतन्य लहरियों को %सलिलं सलिलं% कहा है । हम सभी में इस शक्ति को पाने की या श्री गणेश को प्राप्त करने की शुद्ध इच्छा सदैव जाग्रत रहती है कैसे? हम सभी को अच्छा बनना, अपना एक सुंदर, संतुलित,यशस्वी, बुद्धिमान व्यक्तित्व अच्छा लगता है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् जब हमारा गणेश तत्व जागृत होता है तो हम बच्चे जैसे अबोध बन जाते हैं, एक बच्चा जैसे सभी षड्?रिपुओं से अनायास ही मुक्त रहता है वैसे ही व्यक्ति अबोध, पावन, मंगलमय और विवेकवान बनता है। उसका गणेश तत्व जब आज्ञा चक्र को लांघता है तो वह व्यक्ति अपने अहंकार और प्रति अहंकार पर धीरे धीरे विजय प्राप्त करता है। अपने चित्त का एक आलोचक की तरह - परीक्षण कर स्वयं को सदैव पावन रखने का प्रयास करता है। और इस दैवीय यात्रा में वह श्री आदिशक्ती द्वारा संरक्षित किया जाता है। आपको भी इस गणेशोत्सव में अपने अंतः स्थित श्रीगणेश को जानना है तो आज ही सीखिए सहजयोग ध्यान।

आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# श्राद्ध पक्ष की तिथियां, इस तरह करें पितरों को प्रसन्न, जानें श्राद्ध के प्रतीक और कौन सी चीजें हैं वर्जित



**भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक सोलह दिनों को पितृ पक्ष कहा जाता है। श्राद्ध करने से पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है और पितरों का आशीर्वाद बना रहता है। श्राद्ध पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें पितृपक्ष के श्राद्ध पार्वण श्राद्ध कहलाते हैं। शास्त्रों में मनुष्यों पर उत्पन्न होते ही तीन ऋण बताए गए हैं- देव ऋण, ऋषिऋण और पितृऋण। जिसकी मृत्यु तिथि का ज्ञान न हो उनका श्राद्ध अमावस्या को करना चाहिए।**

ऋषियों ने हमारे संपूर्ण जीवन चक्र को सोलह संस्कारों में बांधा है। जहां गर्भाधान प्रथम संस्कार है तो पितृमेघ या अंत्येष्टि अंतिम। भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक सोलह दिनों को पितृ पक्ष कहा जाता है। इस बार यह शुभ तिथियां 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक है। शास्त्रों में मनुष्यों पर उत्पन्न होते ही तीन ऋण बताए गए हैं- देव ऋण, ऋषिऋण और पितृऋण। श्राद्ध के द्वारा पितृ ऋण से निवृत्ति प्राप्त होती है। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान भक्ति पूर्वक तर्पण (पितरों को जल देना) करना चाहिए।

### इस तरह करें पितरों को प्रसन्न

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में उनकी मृत्यु तिथि को (मृत्यु किसी भी मास या पक्ष में हुई हो) जल, तिल, चावल, जौ और कुश पिंड बनाकर या केवल सांकल्पिक विधि से उनका श्राद्ध करना, गौ ग्रास निकालना और उनके निमित्त ब्राह्मणों को भोजन करा देने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनकी प्रसन्नता ही पितृ ऋण से मुक्त करा देती है। पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अनुष्ठान है श्राद्ध।

### पांच प्रकार के होते हैं श्राद्ध

श्राद्ध पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें पितृपक्ष के श्राद्ध पार्वण श्राद्ध कहलाते हैं। इन में अपराह्न व्यापिनी तिथि की प्रधानता है। जिनकी मृत्यु तिथि का ज्ञान न हो, उनका श्राद्ध अमावस्या को करना चाहिए। श्राद्ध हमेशा मृत्यु होने वाले दिन करना चाहिए। अग्नि में जलकर, विष खाकर, दुर्घटना में या पानी में डूबकर, शस्त्र आदि से जिनकी मृत्यु हुई हो उनका श्राद्ध चर्तुदशी को करना चाहिए। आश्विन कृष्ण पक्ष में सनातन संस्कृति को मानने वाले सभी लोगों को प्रतिदिन अपने पूर्वजों का श्रद्धा पूर्वक स्मरण करना चाहिए, इससे पितर संतृप्त हो कर हमें आशीर्वाद देते हैं। आश्विन मास का कृष्ण पक्ष पितरों के लिए पर्व का समय है। इसमें ये पिंडदान और तिलांजलि की आशा लेकर पृथ्वी लोक पर आते हैं। इसलिए श्राद्ध का परित्याग न करें, पितरों को संतुष्ट जरूर करें।

## पितृपक्ष का पहला श्राद्ध 17 या 18 सितंबर कब ? जानें पितृपक्ष श्राद्ध की सभी प्रमुख तिथियां और मुहूर्त

पितृपक्ष में पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म के कार्य किए जाते हैं। लेकिन, इस बार पितृपक्ष की तारीख को लेकर थोड़ा कंफ्यूजन बना हुआ है कि पहला श्राद्ध कब किया जाएगा 17 या 18 सितंबर। आइए जानते हैं पितृपक्ष का पहला श्राद्ध कब है और पितरों की पूजा के लिए सबसे शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा।

### पितृपक्ष का पहला श्राद्ध कब 17 या 18 सितंबर ?

हिंदू पंचांग के अनुसार, तो पितृ पक्ष का आरंभ 17 सितंबर से होने जा रहा है। लेकिन, इस दिन श्राद्ध नहीं किया जाएगा। दरअसल, इस दिन भाद्रपद पूर्णिमा का श्राद्ध है और पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म के कार्य प्रतिपदा तिथि से होते हैं। इसलिए 17 तारीख को ऋषियों के नाम से तर्पण किया जाएगा। श्राद्ध पक्ष का आरंभ प्रतिपदा तिथि से होता है। ऐसे में 18 सितंबर से पिंडदान, ब्राह्मण भोजन, तर्पण, दान आदि कार्य आरंभ हो जाएगा। पितृ पक्ष का आरंभ देखा जाए तो 18 सितंबर से हो रहा है और 2 अक्टूबर तक यह चलेगा।

### श्राद्ध की सभी तिथियां

17 सितंबर मंगलवार पूर्णिमा का श्राद्ध (ऋषियों के नाम से तर्पण),18 सितंबर बुधवार प्रतिपदा तिथि का श्राद्ध (पितृपक्ष आरंभ),19 सितंबर गुरुवार द्वितीया तिथि का श्राद्ध, 20 सितंबर शुक्रवार तृतीया तिथि का श्राद्ध ,21 सितंबर शनिवार चतुर्थी तिथि का श्राद्ध, 22 सितंबर शनिवार पंचमी तिथि का श्राद्ध
23 सितंबर सोमवार षष्ठी और सप्तमी तिथि का श्राद्ध,24 सितंबर मंगलवार अष्टमी तिथि का श्राद्ध
25 सितंबर बुधवार नवमी तिथि का श्राद्ध,26 सितंबर गुरुवार दशमी तिथि का श्राद्ध
27 सितंबर शुक्रवार एकादशी तिथि का श्राद्ध,29 सितंबर रविवार द्वादशी तिथि का श्राद्ध
30 सितंबर सोमवार त्रयोदशी तिथि का श्राद्ध,1 अक्टूबर मंगलवार चतुर्दशी तिथि का श्राद्ध
2 अक्टूबर बुधवार सर्व पितृ अमावस्या,

### इस समय श्राद्ध करना सबसे उत्तम

शास्त्रों के अनुसार, पितृपक्ष में सुबह और शाम के समय देवी देवताओं की पूजा की जाती है और पितरों की पूजा के लिए दोपहर का समय होता है। पितरों की पूजा के लिए सबसे उत्तम समय 11.30 से लगभग 12.30 बजे तक का समय सबसे उत्तम होता है।

# हस्तर का जलवा बरकरार, तुम्बाड ने महज 3 दिनों में कमा डाले इतने करोड़

**सोहम शाह की सुपरहिट फिल्म तुम्बाड ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है. फिल्म के तीन दिनों का कलेक्शन सामने आया है जिसे देखकर हर कोई हैरान है।**

13 सितंबर को कई पुरानी फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है. उन फल्मों में तुम्बाड का नाम भी शामिल है जो साल 2018 की सुपरहिटफ फिल्मों की लिस्ट में शामिल की गई थी. हॉरर और रहस्यमयी फिल्म तुम्बाड की री-रिलीज के बाद तीन दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आया है जो जबरदस्त है।

फिल्म के प्रोड्यूसर और लीड एक्टर सोहम शाह ने ये कलेक्शन शेयर किया है. ये फिल्म के लिए बड़ी बात है कि फिर से रिलीज करने के बाद भी लोग इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। इस फिल्म के लिए ये कमाल का वीकेंड साबित हुआ है।





## तुम्बाड की री-रिलीज पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

सोहम साहू फिल्म्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्टर शेयर किया गया. इसके कैप्शन में लिखा, तुंबाड की दोबारा रिलीज पर दर्शकों के जबरदस्त रिस्पॉन्स से इंडियन सिनेमा के लिए एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है. वहीं इसके पोस्टर पर तीन दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बताया गया है।

इसके पोस्टर पर लिखा है, ऐतिहासिक वीकेंड. इंडियन बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 7.34 करोड़. पहले दिन 1.65 करोड़, दूसरे दिन 2.65 करोड़ और तीसरे दिन 3.04 करोड़ रुपये. तुम्बाड आपके नजदीकी सिनेमाघरों में. बता दें, ये फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी. अब इस फिल्म को फिर से रिलीज करके मेकर्स को और फायदा होने वाला है।

## तुम्बाड में कौन-कौन है?

12 अक्टूबर 2018 को रिलीज हुई फिल्म तुम्बाड हिंदी, तेलुगू, तमिल, मराठी और स्वदिस भाषाओं में आई थी. इसका निर्देशन और लेखन राही अनिल बर्वे ने किया था, वहीं फिल्म को सोहम शाह फिल्म्स बैनर तले बनाया गया. सोहम शाह इस फिल्म के प्रोड्यूसर के साथ-साथ लीड एक्टर भी हैं।



# भारत ने कोरिया को रौंदकर कटाया फाइनल का टिकट, अब चीन से महामुकाबला



**भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में एंट्री कर ली है. भारत ने सेमीफाइनल में कोरिया को हराया. भारत इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा 4 खिताब जीतने वाली टीम है.**

एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में एंट्री कर ली है. 16 सितंबर (सोमवार) को चीन के हुलुनबुइर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने कोरिया को 4-1 से हराया. भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें और 45वें मिनट) ने सबसे ज्यादा दो गोल दागे. वहीं उत्तम सिंह (13वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया. हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर ये दोनों गोल दागे, जबकि उत्तम और जरमनप्रीत ने फील्ड गोल किए.

दूसरी ओर कोरिया के लिए इकलौता गोल यांग जिहुन (33वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा. फाइनल में भारत का सामना मेजबान चीन से होगा. चीन ने पहले सेमीफाइन में पाकिस्तान को शूटआउट में 2-0 से मात दी. चीनी टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है. फाइनल मुकाबला 17 सितंबर (मंगलवार) को खेला जाएगा.

भारतीय हॉकी टीम की मौजूदा टूर्नामेंट में यह लगातार छठी जीत रही. बता दें कि भारतीय टीम ने पूल स्टेज में अपने पांचों मुकाबले जीते थे और वो टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में अजेय रहने वाली इकलौती टीम है. भारतीय टीम ने अपने आखिरी पूल मैच में पाकिस्तान को 2-1 से मात दी थी. उससे पहले उसने कोरिया को 3-1 से पराजित किया था. जबकि भारतीय टीम ने मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री की थी. इसके पहले भारतीय टीम ने चीन को 3-0 और जापान को 5-0 से करारी शिकस्त दी थी.

बता दें कि एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में भारत समेत कुल छह टीमों ने भाग लिया है. भारत ने पिछले साल घरेलू मैदान पर खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा 4 खिताब जीतने वाली टीम बन गई थी. भारत ने इस मामले में पाकिस्तान को पछाड़ दिया था, जिसने तीन मौके पर टाइटल जीता था. भारत-पाकिस्तान के अलावा कोरिया ही एक मौके पर इस टूर्नामेंट को जीत पाया है. कोरिया ने साल 2021 के सीजन में खिताब जीता था.

### भारतीय हॉकी टीम का स्क्वॉड

गोलकीपर -कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

डिफेंडर- जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जुगराज सिंह, संजय, सुमित.

मिडफील्डर- राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन.

फॉरवर्ड- अभिषेक, सुखजीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह



# प्रधानमंत्री श्री मोदी का पंचामृत संकल्प विश्व को नई दिशा देगा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## गांधी नगर में चौथे ग्लोबल मीट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट

**गांधी नगर में चौथे ग्लोबल रीन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट के दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पंचामृत का संकल्प; वर्ष 2070 तक नेट जीरो ऐमिशन का लक्ष्य प्राप्त करना, वर्ष 2030 तक गैर परंपरागत ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट तक बढ़ाना, वर्ष 2030 तक सकल ऊर्जा उत्पादन में नवकरणीय ऊर्जा का हिस्सा बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाना, ऐमिशन्स की तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना और कार्बन उत्सर्जन में 2030 तक 1 बिलियन टन की कमी लाने के लिये पूरे विश्व को नई दिशा दी है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता 500 मेगावाट से भी कम थी। हमने अलग से विभाग का गठन कर नीतियों और विभिन्न प्रोत्साहन से 12 सालों में क्षमता को 14 गुना बढ़ाया है और 7 हजार मेगावॉट का लक्ष्य प्राप्त किया है। रीवा सौर परियोजना के अंतर्गत स्थापित सौर ऊर्जा पार्क से देश में पहली बार कोयला उत्पादित ऊर्जा से सस्ती सौर ऊर्जा उपलब्ध कराई गई है। इससे दिल्ली मेट्रो को बिजली दी गई। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में इसे केस स्टडी के रूप में शामिल किया गया है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना के नीमच सौर पार्क में बिजली का टैरिफ 2.14 रुपए प्रति यूनिट है, जो देश का न्यूनतम है। इस परियोजना से प्रदेश के साथ-साथ भारतीय रेलवे को भी बिजली सप्लाई हो रही है। आगर-शाजापुर-नीमच में 1500 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क निर्माणाधीन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, असंभव को संभव करने की शक्ति रखता है। माँ नर्मदा पर ओंकारेश्वर में 600 मेगावाट क्षमता की दुनिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना विकसित की जा रही है, जिसमें 200 मेगावाट परियोजना के पैनल लगाए जा चुके हैं। फ्लोटिंग सोलर परियोजना में वाष्पीकरण से पानी की हानि कम होगी और परियोजना के लिए किसी विस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश हार्ट ऑफ इनक्रेडिबल इंडिया है। लगभग एक तिहाई वन क्षेत्र के साथ और नवकरणीय ऊर्जा में अग्रणी कार्य करते हुए मध्यप्रदेश लंग्स ऑफ इनक्रेडिबल इंडिया बनने का विजन रखता है। हम आगामी वर्षों में 20 हज़ार मेगावाट से ज्यादा नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करेंगे और 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा नवकरणीय स्त्रोतों से लेंगे। मिशन मोड में वर्ष 2025 तक सभी



शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य है।

मध्यप्रदेश सरकार पंप हाइड्रो ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के सुगम विकास के लिए राज्य की मौजूदा पंप हाइड्रो कार्य योजना में जरूरी बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि सभी निवेशक आसानी से प्रदेश में निवेश कर सकें। आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर जिलों में 15 हजार हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है, जहां 7 हजार 500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाएगी। उज्जैन, आगर, धार, मंदसौर और रतलाम में 3 हजार मेगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है। कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) से भी ऊर्जा उत्पादन का काम मध्यप्रदेश में किया जा रहा है और भविष्य में चम्बल के बीहड़ जैसी अनुपयोगी भूमियों का उपयोग भी कंप्रेस्ड बायो गैस के उत्पादन के लिए करने पर हम विचार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम रिन्यूएबल एनर्जी को प्रोमोट करने के लिए मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 464.65 करोड़ रुपये की लागत से 227.54 एकड़ का अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश इस जोन में भूमि, विद्युत, जल दरों पर आकर्षक प्रोत्साहन जैसे भूमि प्रब्याजी की 1 रुपये टोकन राशि पर भूमि आवंटन, लीज रेंट की वार्षिक दर 1 रुपये प्रति वर्ग मीटर, विद्युत दर (टैरिफ) में 4 रुपये 36 पैसे प्रति यूनिट प्रथम 5 वर्षों तक के लिए छूट आदि प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री जी को आश्वस्त किया कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशी-विदेशी

## मुख्यमंत्री ने निवेशकों से की वन-टू-वन चर्चा

निवेशकों के साथ मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर वन-टू-वन बैठक कर चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से विंड पावर एसोसिएशन, हीरो फ्यूचर एनर्जी, टौरेंट पॉवर, शक्ति पंप्स, सैम्बकॉर्प सिंगापुर, वारीइनर्जी, सेरेंटिका रिन्यूएबल, रिन्यू पावर, शेल ग्रुप सुजलॉन, वेलस्पन, वेना एनर्जी, ब्लूलीफ बोरोसिल ग्रुप, स्टेट क्राफ्ट आदि के प्रमुख निवेशक मध्यप्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेंद्र सिंह भी शामिल रहे। व्यक्तिगत रूप से की गई चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि इस संबंध में आसन्न किसी भी बाधा को राज्य सरकार द्वारा दूर किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश में निवेश के लिये निवेशकों ने दिखाई रूचि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विंड पावर एसोसिएशन ने सोलर पार्क की तर्ज पर विंड पार्क विकसित किए जाने का अनुरोध किया। अवाडा ग्रुप द्वारा प्रदेश में लगभग 5000 करोड़ रूपये के निवेश संबंध में प्रस्ताव दिया। टॉरेंट पॉवर द्वारा प्रदेश में पम्प हाइड्रो स्टोरेज परियोजनाओं के विकास हेतु नीति शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। सैम्बकार्प ग्रुप द्वारा प्रदेश में प्रस्तावित मुरैना तथा नीमच सौर परियोजना में निवेश हेतु रुचि व्यक्त की गई। रिन्यू पावर द्वारा भी प्रदेश में लगभग 6000 करोड़ रूपये के निवेश हेतु रुचि व्यक्त की गई। सुजलॉन एनर्जी द्वारा प्रदेश में स्थापित ब्लेड उत्पादन इकाई के दृष्टिगत, विंड परियोजनाओं हेतु प्रदेश सरकार को मध्यप्रदेश में ही निविदा आमंत्रित करने हेतु अनुरोध किया गया, जिससे प्रदेश में ही पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित हो सकें। स्प्रिंग एनर्जी द्वारा रीवा सौर पार्क की तर्ज पर विंड ऊर्जा पार्क विकसित किए जाने हेतु अनुरोध किया गया। वारी एनर्जी द्वारा प्रदेश में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने हेतु अभिरूचि व्यक्त की गई। सेरेंटिका तथा ब्ल्यू लीफ द्वारा प्रदेश में वर्तमान में किए गए निवेश की जानकारी दी गई एवं परियोजनाओं के विकास हेतु आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई। मेसर्स बोरोसिल ग्रुप द्वारा प्रदेश में सोलर पैनल पर लगने वाले ग्लास उत्पादन इकाई के निर्माण हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के विकासकों द्वारा प्रदेश में निवेश का यह रुझान प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा नीतियों के प्रति उनको विश्वास का परिचायक है तथा यह सिद्ध करता है कि 'प्रदेश अवसरों की भूमि' है।



# इंदौर में अनंत चतुर्दशी की झांकियों में दिखेगी धर्म, पर्यावरण और विकास की झलक




**इंदौर में आज सितंबर की शाम को अनंत चतुर्दशी का चल समारोह निकलेगा। इसमें निकलने वाली झांकियों को निहारने के लिए शहरवासियों समेत आस-पास के शहरों से भी लोग यहां पहुंचेते हैं। शहर के राजवाड़ा सहित झांकी मार्ग पर रतजगा होगा।**

इंदौर। अनंत चतुर्दशी पर आज 17 सितंबर को पूरा शहर रतजगा करेगा। झांकियों का चल समारोह शाम को जेल रोड से निकलना शुरू होगा, लेकिन इसे देखने के लिए दोपहर बाद से ही दुकानों के ओटलों से लेकर छतों पर हजारों लोग अपनी जगह तय कर चुके होंगे।

झांकियों की परंपरा 1923 में सेठ हुकमचंद द्वारा हुकमचंद मिल से शुरू की गई थी, जो आज भी जारी है। इन झांकियों के लिए सैकड़ों कलाकार पिछले 20 दिनों से लगातार काम कर रहे हैं। जहां यह झांकियां आध्यात्मिकता से सराबोर रहेंगी, वहीं आधुनिकता की झलक भी देखने को मिलेगी। इस बार 30 से अधिक झांकियां निकाली जाएंगी।

## अहिल्या पथ योजना के विरोध में 15 गांवों के किसान जुटे, बनाई संघर्ष समिति




**इंदौर के पश्चिम इलाके के लिए तैयार की गई 15 किमी की अहिल्या पथ सड़क और अहिल्या पथ योजना के विरोध में गांव के किसान उतर आए हैं। उनका आरोप है कि यह योजना भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। इस योजना के लिए आठ गांवों की जमीन ली जानी है।**

इंदौर। इंदौर शहर के पश्चिम क्षेत्र में रिजलाय से रेवती गांव तक 15 किमी लंबी अहिल्या पथ सड़क और अहिल्या पथ योजनाओं के विरोध में किसानों ने मोर्चा खोल दिया है।

बड़ी संख्या में किसानों ने ग्राम पालखेड़ी में बैठक कर इस योजना को रद करने की मांग की किसानों का कहना था कि भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए योजना लाई जा रही है।

अन्नदाता की जमीन लेकर भूमाफियाओं को दी जाएगी। अहिल्या पथ योजना के विरोध को लेकर 15 गांवों के किसानों की बैठक ग्राम पालखेड़ी में शनिवार को आयोजित हुई।किसान नेता हंसराज मंडलोई, दिलीप सिंह पंवार ने कहा कि पहले भी इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) और हाउसिंग बोर्ड की स्कीमों में जमीन देकर किसान पूरी तरह से बर्बाद हो गए।

अब किसी भी योजना में किसान अपनी जमीन नहीं देंगे। सरकार किसानों का पेट काटकर भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने में लगी है।किसानों की जमीन लेने पर बाजार भाव का चार गुना मुआवजा दिया जाए। वहीं किसान अपनी जमीन का उपयोग किस तरह से करेगा, इसकी उसे आजादी होनी चाहिए।

### अहिल्या पथ संघर्ष समिति बनाई

अहिल्या पथ योजना में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ लड़ने के लिए 15 गांवों के किसानों ने अहिल्या पथ संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति के बैनर तले कानूनी और जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। किसानों की जमीन कम दाम में नहीं देने की सहमति भी बैठक में बनी।

### आठ गांव की जमीन होगी अधिगृहीत

अहिल्या पथ योजना में आठ गांवों की हजारों हेक्टेयर भूमि अधिगृहीत की जाएगी। रिजलाय से रेवती गांव तक 15 किमी लंबी और 75 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी और इसके आसपास पांच योजनाएं विकसित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने इन आठ गांवों की जमीन पर नक्शों पर रोक लगा दी है। वहीं पहले से पास 28 नक्शों को निरस्त कराने के लिए भी संभागायुक्त के यहां प्रकरण प्रस्तुत किया है।

## इंदौर में ई-रिक्शा के लिए लागू हो सकता है ऑड-ईवन, ट्रैफिक के लिए बन रहे परेशानी

**इंदौर शहर में ई-रिक्शा को 23 रूट पर चलाने के लिए 6 महीने पहले योजना बनाई गई थी, लेकिन इस पर अब तक अमल नहीं हो पाया है। अब भी शहर में ई-रिक्शा बेतरतीब दौड़ रहे हैं। ऐसे में अब शहर की सड़कों पर इन्हें कम करने के लिए ऑड-ईवन की व्यवस्था लागू की जा सकती है।**

इंदौर । इंदौर शहर की सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे ई-रिक्शा को 23 रूट पर चलाने की योजना छह माह पहले बनी थी, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। अब ई-रिक्शा के संचालन की योजना बनाने की जिम्मेदारी उपसमिति को सौंपी गई है संभावना है कि ऑड-ईवन में ई-रिक्शा का संचालन किया जा सकता है। ताकि शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा की संख्या को कम किया जा सके। शहर में यातायात सुगमता के लिए ई-रिक्शा का संचालन शुरू किया गया था, लेकिन यह अब यातायात में बाधक बन रहे हैं।




### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बनाई गई उपसमिति

मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा के कारण जाम की स्थित निर्मित हो जाती है। चौराहों पर एक से अधिक ई-रिक्शा खड़े रहने से पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। ऐसे में ई-रिक्शा के व्यवस्थित संचालन के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एक उपसमिति बनाई गई है।

यह समिति एक सप्ताह में ई-रिक्शा के संचालन को लेकर योजना प्रस्तुत करेगी, ताकि शहर में यातायात के दबाव को कम किया जा सके। सूत्रों का कहना है कि उपसमिति ऑड-ईवन व्यवस्था की सिफारिश भी कर सकती है। इस व्यवस्था से शहर की सड़कों पर एक दिन आधे ही वाहन चलेंगे। ई-रिक्शा चालकों को भी इससे फायदा होगा और उन्हें अधिक सवारी मिल सकेगी।


### परिवहन और यातायात विभाग ने मुख्य मार्गों से कॉलोनियों तक बनाए थे रूट

ई-रिक्शा के लिए परिवहन और यातायात विभाग द्वारा रूट व्यवस्था की योजना बनाई गई थी। इसमें मुख्य मार्गों से अंदर कॉलोनियों तक ई-रिक्शा का संचालन किया जाना था

रूट में सभी मुख्य मार्गों से आसपास की कॉलोनियों को कवर किया गया था। इसकी वजह यह थी कि मुख्य मार्गों से ई-रिक्शा के दबाव को कम किया जा सके। इस प्रस्ताव पर अब तक अमल नहीं हो सका है।

## इंदौर में फ्लाईओवर से सिग्नल फ्री हो जाएगा 11 किमी का रिंग रोड

**इंदौर विकास प्राधिकरण शहर रिंगरोड पर स्थित सबसे ट्रैफिक वाले रेडिसन चौराहे पर फ्लाईओवर बनाने जा रहा है। इसके लिए फिजिबिलिटी सर्वे करने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी। फ्लाईओवर बनने के बाद यहां वाहनों की रुकने की जरूर नहीं पडेगी।**




इंदौर। रिंग रोड के सबसे व्यस्ततम चौराहे रेडिसन पर भी फ्लाईओवर निर्माण की कवायद शुरू होने वाली है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा जल्द ही फिजिबिलिटी सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के बाद तय होगा की फ्लाईओवर किस दिशा में बनेगा। फ्लाईओवर बनने से चौराहे पर यातायात सुगम हो जाएगा। दो चौराहे छोड़कर करीब 11 किमी लंबे रिंग रोड पर लाखों वाहन चालकों को देवास नाका से राजीव गांधी चौराहा तक जाने के लिए रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। शहर की प्रमुख सड़कों में शुमार रिंग रोड पर आने वाले वर्षों में सर्वाधिक फ्लाईओवर हो जाएंगे।

**अब रेडिसन चौराहे की बारी**-तीन चौराहों तीन इमली, पिपल्याहाना और बंगाली पर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि खजराना, मूसाखेड़ी और आईटी पार्क चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जारी है। अब रेडिसन चौराहे की बारी है। यहां भी फ्लाईओवर बन जाता है, तो रिंग रोड के अधिकांश चौराहे सिग्नल फ्री हो जाएंगे।

रिंग रोड पर सिर्फ बांबे हॉस्पिटल और रोबोट चौराहे ही बगैर फ्लाईओवर के रहेंगे। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को ट्रैफिक का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### एबी रोड पर भी बनेंगे छह फ्लाईओवर

एबी रोड पर एलआइजी से राजीव गांधी चौराहा तक बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर को स्थगित कर अब चौराहों पर फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। आईडीए छह किमी लंबे रूट का सर्वे कर फ्लाईओवर की संभावनाएं तलाशेगा।

इसमें एलआईजी, पलासिया, गीता भवन, शिवाजी वाटिका, जीपीओ और नवलखा जैसे चौराहे पर फ्लाईओवर का सर्वे होगा। रसोमा और विजय नगर चौराहे पर भी फ्लाईओवर का सर्वे किया जाएगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )